TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 26 मई

1. **सुशील कुमार का जन्म–** वर्ष 2008 बीजिंग ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक तथा वर्ष 2012 में लंदन ओलम्पिक में भारत के लिए रजत पदक जीतने वाले पहलवान सुशील कुमार का जन्म 26 मई, 1983ई. को दिल्ली में हुआ था। 2010 तथा 2014 के राष्ट्रमण्डल खेलों में इन्होने स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। इन्हें भारत सरकार द्वारा कुश्ती के लिए अर्जुन पुरस्कार, राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार, पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

- **क्या आप जानते हैं?**
  26 मई, 1872 ई. को अग्निशामक यंत्र के अविष्कार के लिए खोजकर्ता थॉमस जे. मार्टिन को पेटेंट प्रदान किया गया था।



अरुणा राय
26 मई 1946



बेंजामिन पीरी पाल
जन्म- 26 मई 1906
मृत्यु- 14 सितंबर 1989

Sunday

/teachersofbihar

Madhu priya

# जन्मदिन विशेष 26 मई

राकेश कुमार




**अरुणा रॉय** *Aruna Roy*, जन्म- 26 मई, 1946, चेन्नई) भारत की उन महिलाओं में से एक हैं, जो बेहतर सामाजिक कार्यकर्ता होने के साथ-साथ राजनीति में भी सक्रिय रूप से क्रियाशील हैं। इन्हें राजस्थान के ग़रीब लोगों के जीवन को सुधारने और इस दिशा में किये गए उनके प्रयासों के लिए विशेष तौर पर जाना जाता है। भारत में सूचना का अधिकार लागू करने के लिए उनके द्वारा किये गए प्रयत्न और योगदान प्रशंसनीय हैं। अरुणा रॉय राजस्थान के राजसमंद ज़िले में स्थित देवडूंगरी ग्राम से सम्पूर्ण भारत में संचालित 'मज़दूर किसान शक्ति संगठन' की संस्थापिका और अध्यक्ष हैं।

# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

26 मई

## मधु प्रिया

## सुशील कुमार का जन्म 26 मई




दिल्ली के नजफगढ़ इलाके एक गाँव बापरोला में 26 मई 1983 में जन्मे सुशील के पिता का नाम दीवानसिंह और माता का कमला है। सुशील तीन भाईयों के परिवार में सबसे बड़े है। इन्होंने बपरोला स्कूल से प्रारंभिक शिक्षा की फिर दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि हासिल की लेकिन सुशील कुमार बहुत पहले से ही सतपाल (पहलवान) से जुड़ गए थे, जिन्होंने उसके कौशल को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।सुशील कुमार भारत के एक कुश्ती पहलवान हैं जो 2012 के लंदन ओलंपिक में रजत पदक, 2008 के बीजिंग ओलंपिक में कांस्य पदक जीतकर लगातार दो ओलम्पिक मुकाबलों में व्यक्तिगत पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने। 2008 ओलम्पिक में 66 किग्रा फ्रीस्टाइल में कजाखिस्तान के लियोनिड स्प्रिडोनोव को हरा कांस्य पदक जीत कर उन्होंने 56 साल बाद 1952के इतिहास को एक बार फिर से दोहराया। जब यह पदक महाराष्ट्र के खशाबा जाधव ने जीता था। सुशील, सतपाल पहलवान का शिष्य है। 2010 तथा 2014 राष्ट्रमण्डल खेलों में उसने स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

Teachers of Bihar
The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 26.05.2024

## लेक्सिकॉन

एक शब्दकोष कुछ भाषाओं, व्यवसायों या शौक द्वारा उपयोग किए जाने वाले शब्दों का संग्रह है। लेक्सेम्स व्यक्तिगत शब्द या वाक्यांश हैं जो एक शब्दकोष बनाते हैं। शब्दकोशों में बोलचाल की भाषाएँ, मुहावरे, शब्दजाल और कठबोली भाषाएँ शामिल हैं।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



हाल ही में आई एक रिपोर्ट के अनुसार, **ब्रिटेन** के प्रधानमंत्री **ऋषि सुनक** और उनकी पत्नी **अक्षता मूर्ति** प्रिंस चार्ल्स से भी ज्यादा **अमीर** बन गए हैं। उनकी **संपत्ति** में पिछले साल के मुकाबले करीब **1,287 करोड़ रुपये** की बढ़ोतरी हुई है।

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 398

**महाभारत का प्रारंभिक नाम क्या था?**

A. अग्रह संहिता

B. विधि संग्रह

C. जय संहिता

D. व्यास संविदा



www.teachersofbihar.org

सही उत्तर: C

# ToB बालमन विशेषांक

**विषय : विज्ञान** [साप्ताहिक]

## जीव विज्ञान की महत्त्वपूर्ण शाखाएं

1. एन्थोलॉजी (Anthology) - पुष्पों का अध्ययन

2. सिल्विकल्चर (Silviculture) - काष्ठी पेड़ों का संवर्धन

3. सॉरोलॉजी (Saurology) - छिपकलियों का अध्ययन

4. माइकोलॉजी (Mycology) - कवकों का अध्ययन

5. फाइकोलॉजी (Phycology) - शैवालों का अध्ययन

6. पोमोलॉजी (Pomology) - फलों का अध्ययन

7. ऑर्निथोलॉजी (Ornithology) - पक्षियों का अध्ययन

8. इक्थ्योलॉजी (Ichthyology) - मछलियों का अध्यय

9. एण्टोमोलॉजी (Entomology) - कीटों का अध्ययन

10.डेन्ड्रोलॉजी (Dendrology) - वृक्षों एवं झाड़ियों का अध्ययन

11. ओफियोलॉजी (Ophiology) - सर्पों (snakes) का अध्ययन

12. पीसीकल्चर (Pisciculture) - मत्स्य पालन का अध्ययन

13. सेरीकल्चर (Sericulture) - रेशम कीट पालन का अध्ययन

14. एपीकल्चर (Apiculture) - मधुमक्खी पालन का अध्ययन



धीरज कुमार
प्रधान संपादक
ToB बालमन पत्रिका

# TOB

राकेश कुमार



# खेल कॉर्नर





## ओलम्पिक से जुड़े प्रश्न भाग-5

**प्रश्न 24:** कौन से वर्ष में पहली बार महिला खिलाडियों ने ओलंपिक में भाग लिया?

**उत्तर:** सन 1900 पेरिस में।

**प्रश्न 25:** सबसे पहले किस देश की महिलाओं ने ओलंपिक में भाग लिया?

**उत्तर:** फ्रांस (पेरिस)

**प्रश्न 26:** Modern Olympics के जनक किसे कहा जाता है?

**प्रश्न 27:** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति का मुख्यालय कहाँ है?

**उत्तर:** इसका मुख्यालय स्विट्जरलैण्ड के **लॉज़ेन** में स्थित है।

**प्रश्न 28:** रियो ओलंपिक 2016 का आदर्श वाक्य क्या था?

**उत्तर:** एक नयी दुनिया (A new world)

**प्रश्न 29:** किस महाद्वीप में कभी ओलपिक खेलों का आयोजन नहीं हुआ है?

**उत्तर:** अफ्रीका (इसका कारण द्वितीय विश्व युद्ध था)

**प्रश्न 30:** ग्रीस के लोग ओलंपिक को किसे समर्पित करते हैं?

**उत्तर:** अपने देवता ज़ीउस को।

**समाप्त**



पादप प्रजनक और कृषि विज्ञानी, जिन्होंने दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के निदेशक के रूप में और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पहले महानिदेशक के रूप में कार्य किया

# बेंजामिन पीरी पाल

के जयंती पर सादर नमन।

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

जन्म- 26 मई 1906 - मृत्यु- 14 सितंबर 1989

www.teachersofbihar.org

Madhu priya

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

भारत की एक राजनैतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता, मैगससे पुरस्कार, मेवाड़ सेवाश्री पुरस्कारों से सम्मानित, निर्धन लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिये किये गये प्रयास के लिये विशेष रूप से बिख्यात

# अरुणा राय

के जन्मदिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं।

जन्म- 26 मई 1946



Madhu priya

www.teachersofbihar.org

26 मई 2024


# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

ज्यादा शब्दों में थोड़ा कहने के बजाए कम शब्दों में ज्यादा बताने की कोशिश करें।

**पाइथागोरस**



राकेश कुमार